सं०सं०–17 / एफ0–01–19 / 2019

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विवेकानन्द ठाकुर,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

अध्यक्ष,
गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिक्स,
भागनबिगहा, बिहारशरीफ

पटना, दिनांक :–

विषय :– गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिक्स, भागनबिगहा, बिहारशरीफ, नालन्दा को डी0 फार्मा कोर्स संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करनें के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अध्यक्ष, Right Path Foundation, New Patliputra Colony, Patna-13 के पत्रांक–RPF/2019/104 दिनांक–13.05.2019 द्वारा गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिक्स, भागनबिगहा, बिहारशरीफ, नालन्दा में डी0 फार्मा कोर्स संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0–433(17) दिनांक–21.06.2019 द्वारा गठित पाँच सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन Right Path Foundation, New Patliputra Colony, Patna-13 द्वारा संचालित गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिक्स, भागनबिगहा, बिहारशरीफ, नालन्दा को AICTE (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्) तथा फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों / मानकों / प्रावधानों के शर्त्ताधीन 60 सीटों पर डी0 फार्मा कोर्स संचालित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
(विवेकानन्द ठाकुर)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक :–17 / एफ1–19 / 2019 – 236 (17) / पटना, दिनांक :– 20/2/2020

प्रतिलिपि :–निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070 / निबंधक–सह–सचिव, फॉर्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इंडिया, NBCC Centre 3rd Floor, Plot NO.2, Community Centre Maa Anandamai Marg, Okhla Phase-1, Landmark- (Near Hotel Crowne Plaza) New Delhi-110020 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना / प्राचार्य, राजकीय फॉर्मेसी संस्थान, अगमकुआँ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / अपर सचिव (श्री कौशल किशोर) के आप्त सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01 एवं 17,स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/02/20

सरकार के अवर सचिव।